दिनांक 27 मार्च 2020

राजकिय महाविद्यालय फरीदपुर के समस्त प्रिय छात्र/ छात्राओं, आप सभी अवगत हैं कि आज पूरा विश्व एक नये कोरोना वायरस की चपेट में है। अपने देश में भी यह काफी तेजी से फैल रहा है। इससे बचाव सिर्फ सामाजिक दूरी बनाकर रखना है जिसे *social distancing* कहते हैं। इसी के दृष्टिगत हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने पूरे भारत में 21 दिनों के लॉक डाउन की घोषणा की है और भारत की जनता से इस अवधि में (दि० 14 अप्रिल तक) घर से बाहर न निकलने की अपील की है। आप सभी देश के सजग व संवेदनशील नागरिक हैं। देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए धैर्य और अनुशासन का परिचय देते हुए खुद भी घर से बाहर न निकलें और अपने परिवारी जनों को भी न निकलने के लिए प्रेरित करें। बहुत जरूरी होने पर मास्क लगाकर या गमछा से मुँह ढककर ही निकलें। किसी से हाथ न मिलाएं। बार - बार साबुन से हाथ साफ करें और उंगलियों को चेहरे पर ले जाने से बचें। हमें विश्वास है कि अगले २१ दिनों तक यदि हम सभी इस संकट की घड़ी में एकजुट होकर घर से बाहर नहीं निकलने का संकल्प लेते हैं तो कोरोना हारेगा, देश जीतेगा। आपका शुभ चिंतक:प्राचार्या डा इक़बाल हबीब एवं समस्त महाविद्यालय परिवार,राजकिय महाविद्यालय फरीदपुर,बरेली